**Need to establish a Navodaya Vidyalaya at Tharad in Banaskantha Parliamentary Constituency - laid**

श्री परबतभाई सवाभाई पटेल (बनासकांठा): मेरे संसदीय क्षेत्र बनासकांठा में 14 तहसील हैं और यहाँ नवोदय विद्यालय में शिक्षा प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों की संख्या बहुत अधिक है। अभी मेरे संसदीय क्षेत्र में केवल एक नवोदय विद्यालय है और जिला बड़ा होने की वजह से एक बड़ा वर्ग नवोदय विद्यालय में शिक्षा ग्रहण करने से वंचित रह रहा है। इसलिए मेरे संसदीय क्षेत्र के निवासियों की मांग है कि पहले से स्थित नवोदय विद्यालय जो दांतीवाडा में है, के अतिरिक्त यदि धराद में एक और नवोदय विद्यालय खोला जाये तो उसका उचित लाभ विद्यार्थिओं को मिल सकेगा।

इसलिए मेरा माननीय मंत्री जी से आग्रह है कि मेरे संसदीय क्षेत्र में एक और नवोदय विद्यालय धराद में खुलवाने की कृपा करें।